सप्तमं मां कालरात्रि

शेखर

| वर्ष : 13 | अंक : 1

महामारी का भय, चौराहों-गलियों में पसरा सन्नाटा, युद्धस्तर पर सैनिटाइजेशन

शेखर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/शाहजहांपुर। कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच वायरस के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में रविवार को पूरी तरह से लॉकडाउन लगाया गया। योगी सरकार ने 15 मई तक हर रविवार को लॉकडाउन लगाने का ऐलान किया था। इस दौरान मास्क नहीं लगाने पर पहली बार पकड़े जाने पर एक हजार और दोबारा पकड़े जाने पर 10 हजार का जुर्माना देना होगा। इस दौरान राजधानी सहित यूपी के सभी जिले में सप्ताहिक बंदी का व्यापक असर दिखा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में सप्ताहिक बंदी का असर दिखा। इमरजेंसी सुविधाओं को छोड़कर सभी दुकानें व बाजार बंद रही।

कुछ जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन भी हुए। इस दौरान भी अधिक भीड़ नहीं देखने को मिली कम ही लोगों को नामांकन स्थल तक जाने की अनुमति दी गयी। वही चौराहों-गलियों में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। पुलिस के जवान मुस्तैद रहे सरकार के आदेशानुसार सभी नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सैनिटाइजेशन कराया। यूपी के शाहजहांपुर जिलें में भी युद्ध स्तर पर सैनिटाइजेशन व साफ-सफाई करायी गयी। इस अभियान की अगुवाई नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा ने की और नगर निगम क्षेत्र में कराये जा रहे सैनिटाइजेशन का निरीक्षण किया गया। नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को लगभग 10 हजार भवनों, 2 हजार व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व 5 मुख्य बाजारों में सैनिटाइजेशन कराया गया। लखनऊ नगर निगम की टीम ने अभी तक चार लाख से ज्यादा घरों में सैनिटाइजेशन किया है। यह अभियान अगले 3 दिन तक कि पूरे शहर में जारी रहेगा। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि लखनऊ में संडे लॉकडाउन का पूरा अनुपालन कराया जा रहा है। विभिन्न चौराहों और प्रमुख मार्केट में पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

स्थानीय थाने को निर्देशित किया गया किसी भी तरीके का संडे लॉकडाउन का उल्लंघन न होने पाए। लखनऊ नगर निगम ने कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए कमर कस ली है। उन इलाकों को सैनिटाइज करने का अभियान चलाया गया, जहां अधिक संक्रमित मरीज हैं। दुकानों समेत मुख्य सड़कों को सैनिटाइज किया गया।